भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 241**
10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

**विषयः- प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना**

***241. श्री अरुण भारती:**
**डॉ. लता वानखेड़े:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 100 आकांक्षी कृषि जिलों को विकसित करने हेतु जुलाई, 2025 में अनुमोदित प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना (पीएम-डीडीकेवाई) को कार्यान्वित कर दिया गया है और यदि हाँ, तो देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इस योजना का उद्देश्य कम उत्पादकता, फसल की कम सघनता और सीमित ऋण संवितरण के आधार पर चिह्नित किए गए जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है;

(ग) क्या उक्त योजना के अंतर्गत पंचायत और ब्लॉक स्तर पर सिंचाई सुविधाओं में सुधार के साथ-साथ फसल कटाई के उपरांत उसके भंडारण के बुनियादी ढांचे के संवर्धन का प्रावधान है;

(घ) क्या उक्त योजना का उद्देश्य चिह्नित किए गए जिलों में दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों प्रकार के कृषि ऋण की सुविधा प्रदान करना है और यदि हाँ, तो विशेषकर बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं के साथ-साथ राज्य की योजनाओं और निजी भागीदारी के अभिसरण के माध्यम से कार्यान्वयन का उद्देश्य एकीकृत विकास सुनिश्चित करना है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)**

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के संदर्भ में लोक सभा में 10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 241* के भाग (क) से (ङ) के संबंध में उल्लिखित विवरण**

(क): प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (डीडीकेवाई) को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 16 जुलाई 2025 को कम उत्पादकता, कम फसल सघनता और सीमित कृषि ऋण वितरण के आधार पर चिह्नित 100 जिलों के लिए अनुमोदित किया गया था। डीडीकेवाई में शामिल जिलों की राज्य-वार सूची **अनुबंध-I** में दी गई है। 96 जिलों द्वारा अपना जिला कार्य प्लान (डीएपी) तैयार कर लिया गया है तथा गतिविधियाँ शुरू कर दी गई हैं। पश्चिम बंगाल राज्य सरकार द्वारा इस योजना में भाग नहीं लिया गया है, अतः पश्चिम बंगाल के 4 जिलों द्वारा डीएपी तैयार नहीं की गई है।

(ख) एवं (ग): जी हाँ। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण तथा सतत कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तरों पर फसलोपरांत भंडारण में वृद्धि करना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना तथा दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाना है।

(घ) एवं (ङ): जिला धन-धान्य कृषि योजना समिति द्वारा संबंधित हितधारकों के परामर्श से डीएपी तैयार और अनुमोदित कर ली गई है। इन प्लान में 11 विभागों की 36 केन्द्रीय योजनाओं, राज्य योजनाओं को अभिसरित किया गया है तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी को मोबिलाइज किया गया है। डीएपी में उद्देश्यवार, वर्षवार लक्ष्य और हस्तक्षेपों जैसे कि उच्च उपज वाली किस्मों के बीजों का वितरण, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा देना, भंडारण सुविधाओं को बढ़ाना, विविधीकरण के लिए लक्षित फसलें आदि का विवरण दिया गया है, ताकि योजना के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।

इस योजना का उद्देश्य चिन्हित जिलों में रिवॉल्विंग फंड (आरएफ) और सामुदायिक निवेश फंड (सीआईएफ) उपलब्ध कराने और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण विस्तार जैसी गतिविधियों के माध्यम से दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों प्रकार के ऋण की सुविधा प्रदान करना है। इन गतिविधियों के लिए लक्ष्य डीडीकेवाई जिलों द्वारा तैयार किए गए डीएपी में निर्धारित किए गए हैं।

बिहार, मध्य प्रदेश, गुजरात तथा उत्तर प्रदेश राज्यों के डीडीकेवाई जिलों द्वारा भी डीएपी तैयार कर ली गई है और इसे डीडीकेवाई डैशबोर्ड पर अपलोड कर दिया गया है। केंद्र सरकार के विभागों तथा नीति आयोग द्वारा इन डीडीकेवाई जिलों को डीएपी के आधार पर फीडबैक भी दिया गया है। डीडीकेवाई का कार्यान्वयन और निगरानी एक सतत गतिविधि है क्योंकि इससे संबंधित आउटपुट और आउटकम संकेतकों को नियमित रूप से ट्रैक किया जाता है।

डीडीकेवाई की शुरुआत से लेकर (जनवरी 2026 तक), डीडीकेवाई जिलों ने योजना के उद्देश्यों के अनुसार विभिन्न गतिविधियाँ की हैं, जैसे कि कृत्रिम गर्भाधान, सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत क्षेत्र का विस्तार, नए जल संचयन संरचनाओं का निर्माण और रिजुविनेट किया गया, और केवीके किसानों/श्रमिकों को प्राकृतिक कृषि पद्धतियों पर प्रशिक्षण देना आदि।

**<u>अनुबंध-I</u>**

**'प्रधान मंत्री धन-धान्य कृषि योजना' के संदर्भ में लोक सभा में 10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 241* के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**<u>डीडीकेवाई के अंतर्गत 100 जिलों की सूची</u>**

| **क्र.सं** | **राज्य** | **ज़िला** |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | श्री सत्या साई |
| 2 | आंध्र प्रदेश | अनंतपुर |
| 3 | आंध्र प्रदेश | अल्लुरी सीताराम राजू |
| 4 | आंध्र प्रदेश | अन्नामय्या |
| 5 | अरुणाचल प्रदेश | **अंजॉ** |
| 6 | असम | श्रीभूमि (करीमगंज) |
| 7 | असम | चराईदेव |
| 8 | असम | **डिमा** हसाओ |
| 9 | बिहार | मधुबनी |
| 10 | बिहार | दरभंगा |
| 11 | बिहार | बांका |
| 12 | बिहार | गया |
| 13 | बिहार | सिवान |
| 14 | बिहार | किशनगंज |
| 15 | बिहार | नवादा |
| 16 | छत्तीसगढ | दंतेवाड़ा |
| 17 | छत्तीसगढ | जशपुर |
| 18 | छत्तीसगढ | कोरबा |
| 19 | गोवा | **दक्षिण** गोवा |
| 20 | गुजरात | कच्छ |
| 21 | गुजरात | दोहाद / दाहोद |
| 22 | गुजरात | छोटाउदेपुर |
| 23 | गुजरात | पंचमहल |
| 24 | हरियाणा | नूह |
| 25 | हिमाचल प्रदेश | बिलासपुर |
| 26 | जम्मू एवं कश्मीर | किश्तवाड़ |
| 27 | जम्मू एवं कश्मीर | बारामूला |
| 28 | झारखंड | सिमडेगा |
| 29 | झारखंड | पश्चिमी सिंहभूम |
| 30 | कर्नाटक | तुमकुरु |
| 31 | कर्नाटक | चित्रदुर्गा |
| 32 | कर्नाटक | कोप्पल |
| 33 | कर्नाटक | **गडग** |
| 34 | कर्नाटक | हावेरी |
| 35 | कर्नाटक | चिक्कबल्लापुरा |
| 36 | केरल | **कोझिकोड** |
| 37 | केरल | कासरगोड |
| 38 | केरल | कन्नूर |

| क्र.सं | राज्य | ज़िला |
|---|---|---|
| 39 | मध्य प्रदेश | अनूपपुर |
| 40 | मध्य प्रदेश | डिंडौरी |
| 41 | मध्य प्रदेश | अलीराजपुर |
| 42 | मध्य प्रदेश | शहडोल |
| 43 | मध्य प्रदेश | उमरिया |
| 44 | मध्य प्रदेश | सीधी |
| 45 | मध्य प्रदेश | निवाड़ी |
| 46 | मध्य प्रदेश | टीकमगढ़ |
| 47 | महाराष्ट्र | पालघर |
| 48 | महाराष्ट्र | यवतमाल |
| 49 | महाराष्ट्र | गडचिरोली |
| 50 | महाराष्ट्र | धुले |
| 51 | महाराष्ट्र | रायगढ़ |
| 52 | महाराष्ट्र | चंद्रपुर |
| 53 | महाराष्ट्र | छत्रपती संभाजी नगर (औरंगाबाद) |
| 54 | महाराष्ट्र | नांदेड़ |
| 55 | महाराष्ट्र | बीड |
| 56 | मणिपुर | तमेंगलोंग |
| 57 | मेघालय | पश्चिम **जयंतिया** हिल्स |
| 58 | मिजोरम | ममित |
| 59 | नगालैंड | मोन |
| 60 | ओडिशा | कंधमाल |
| 61 | ओडिशा | मलकानगिरी |
| 62 | ओडिशा | सुंदरगढ़ |
| 63 | ओडिशा | नुआपाड़ा |
| 64 | पंजाब | फाजिल्का |
| 65 | राजस्थान | बाड़मेर |
| 66 | राजस्थान | जैसलमेर |
| 67 | राजस्थान | पाली |
| 68 | राजस्थान | नागौर |
| 69 | राजस्थान | जोधपुर |
| 70 | राजस्थान | बीकानेर |
| 71 | राजस्थान | चूरू |
| 72 | राजस्थान | जालोर |
| 73 | सिक्किम | गेजिंग (पूर्व में पश्चिमी जिला) |
| 74 | तमिलनाडु | रामनाथपुरम |
| 75 | तमिलनाडु | थूथुकुडी (तूतीकोरिन) |
| 76 | तमिलनाडु | शिवगंगा |
| 77 | तमिलनाडु | विरुद्धनगर |
| 78 | तेलंगाना | नारायणपेट |
| 79 | तेलंगाना | जोगुलम्बा गडवाल |
| 80 | तेलंगाना | जनगांव |
| 81 | तेलंगाना | नगरकुरनूल |
| 82 | त्रिपुरा | उत्तरी त्रिपुरा |

| **क्र.सं** | **राज्य** | **ज़िला** |
|---|---|---|
| 83 | उत्तर प्रदेश | महोबा |
| 84 | उत्तर प्रदेश | सोनभद्र |
| 85 | उत्तर प्रदेश | हमीरपुर |
| 86 | उत्तर प्रदेश | बाँदा |
| 87 | उत्तर प्रदेश | जालौन |
| 88 | उत्तर प्रदेश | झांसी |
| 89 | उत्तर प्रदेश | उन्नाव |
| 90 | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज |
| 91 | उत्तर प्रदेश | चित्रकूट |
| 92 | उत्तर प्रदेश | प्रतापगढ़ |
| 93 | उत्तर प्रदेश | श्रावस्ती |
| 94 | उत्तर प्रदेश | ललितपुर |
| 95 | उत्तराखंड | अल्मोड़ा |
| 96 | उत्तराखंड | चमोली |
| 97 | पश्चिम बंगाल | पुरुलिया |
| 98 | पश्चिम बंगाल | दार्जिलिंग |
| 99 | पश्चिम बंगाल | अलीपुरद्वार |
| 100 | पश्चिम बंगाल | झारग्राम |

*****